मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-170
09/04/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों के संबंध में गहन समीक्षा की

- जिन क्षेत्रों को कोरोना हॉटस्पॉट क्षेत्र घोषित किया गया है, वहॉ सघन अभियान चलाकर प्रोटोकॉल के अनुरूप समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय :– मुख्यमंत्री

- सभी पदाधिकारी लोगों की समस्या के निष्पादन के संबंध में संवेदनशील रहें

- राशन कार्ड के अस्वीकृत एवं लंबित आवेदनों की पुनः समीक्षा कर नियमानुसार तेजी से उसका समाधान करें

पटना, 09 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग में मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये किये जा रहे कार्यों के संबंध में गहन समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जहॉ–जहॉ संदिग्ध कोरोना मरीजों का सम्पर्क क्षेत्र रहा है, वैसे स्थलों पर गहन स्क्रीनिंग की जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों को कोरोना हॉटस्पॉट क्षेत्र घोषित किया गया है, वहॉ सघन अभियान चलाकर प्रोटोकॉल के अनुरूप समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। लॉकडाउन का सख्ती से पालन करने के साथ–साथ लोगों को इस संबंध में जागरूक करने के लिये माइक से भी गहन प्रचार–प्रसार करायें।

मुख्यमंत्री ने अपील किया है कि वैसे लोग जिन्होंने राज्य के बाहर एवं विदेश की यात्रा की है, वे अपनी ट्रेवल हिस्ट्री को न छिपायें, इससे उनको खतरा तो है ही, साथ ही उनके परिवार एवं समाज को भी खतरा है। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह तथा प्रधान सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिया है कि कोरोना के प्रसार को रोकने, संदिग्ध कोरोना मरीजों तथा पॉजिटिव कोरोना मरीजों के इलाज हेतु उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करें एवं उनके कॉन्टैक्ट की पहचान कर अधिक से अधिक स्क्रीनिंग करायें। जो भी कॉन्टैक्ट ट्रेस होते हैं, उनकी शीघ्र जॉच करायी जाय। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि टेस्टिंग कैपिसिटी को बढ़ाया जाय तथा कुछ अन्य स्थानों पर भी कोरोना जॉच केन्द्र शीघ्र खोलने की कार्रवाई की जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि डॉक्टरों को पी0पी0ई0 किट्स, फेस मास्क तथा अन्य उपकरणों की कमी न हो तथा डॉक्टरों की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित की जाय। डॉक्टरों को जरूरी सुविधायें उपलब्ध करायी जाय ताकि स्क्रीनिंग एवं टेस्टिंग प्रक्रिया में और तेजी आ सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जो लोग क्वारंटाइन हैं तथा आइसोलेशन सेंटर में रह रहे हैं, उनकी काउंसिलिंग की जाय तथा उन्हें इस बात के लिये प्रेरित किया जाय कि वे क्वारंटाइन में

सभी प्रक्रियाओं का पालन करें। इससे वे खुद भी स्वस्थ हो सकेंगे और समाज की भी सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि क्वारंटाइन सेंटर पर जरूरी सभी सुविधाओं के साथ–साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे आइसोलेशन सेंटर हेतु पर्याप्त संख्या में होटलों एवं अन्य भवनों की व्यवस्था रखें तथा वहॉ सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। आइसोलेशन सेंटर में चिकित्सकीय सुविधा की बेहतर व्यवस्था रखी जाय।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को यह भी निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारी एवं सभी अनुमण्डल पदाधिकारी राशन कार्ड के अस्वीकृत एवं लंबित आवेदनों की पुनः समीक्षा कर नियमानुसार तेजी से उसका समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि फरवरी एवं मार्च माह में असमय ओलावृष्टि/वर्षापात के कारण किसानों को हुयी फसल क्षति हेतु कृषि इनपुट सब्सिडी के रूप में स्वीकृत राशि किसानों के खाते में अविलम्ब डी0बी0टी0 के माध्यम से अंतरित करें। उन्होंने कहा कि राज्य से बाहर बिहारी मजदूरों एवं ठेला वेंडरों आदि के लिये चलाये जा रहे आपदा राहत केन्द्रों का अनुश्रवण प्रतिदिन करायें। जिम्मेवार क्षेत्रीय अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को आपदा राहत केन्द्रों के जरिये जरूरी लाभ मिल सके। जरूरतमंद व्यक्तियों की सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाय ताकि उन्हें आवश्यक मदद मिल सके। लोगों की समस्याओं के प्रति पदाधिकारी संवेदनशील रहें तथा उनसे मिलने वाली सूचनाओं को गंभीरता से लें ताकि उन्हें जल्द से जल्द राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि लॉकडाउन का पालन करें। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये सरकार हरसंभव कदम उठा रही है। लोगों के जरूरी सामानों की पूर्ति बाधित नहीं होगी। लोग घरों में रहें। सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें। सरकार आपकी हरसंभव मदद के लिये तत्पर है।

******